बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462026

क्रमांकः 584/भण्डार/2020 भोपाल, दिनांकः 08/7/2020

:: पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की सीमित निविदा आमंत्रण सूचना ::

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विभिन्न विभागों तथा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में स्वच्छ पानी की व्यवस्था के लिए पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय की सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। यह सीमित निविदा दिनांकः 15-7-2020 (कार्यालयीन समय) तक **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल** के नाम से भेजे। यह सीमित निविदाएं स्पीड पोस्ट/कोरियर/पत्र वाहक से **उप-कुलसचिव, (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल** के पते पर निम्नांकित विवरण अनुसार प्रस्तुत करें:-

सं.क्रं.	पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का विवरण	दर प्रति नग (रूपये में) सामान्य तापक्रम	दर प्रति नग (रूपये में) ठण्डी
1	पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ग्लास		
2	200 एम.एल. बॉटल		
3	500 एम.एल. बॉटल		
4	01 लीटर बॉटल		
5	02 लीटर बॉटल		
6	05 लीटर बॉटल		
7	20 लीटर जार (रिफिल)		
	कर का नाम एवं दर		

नियम एवं शर्ते-

(1) यह सीमित निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रशासकीय/शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के उपयोग में आने वाले पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही हैं।

(2) निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ संलग्न करें:-
(क) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) PAN CARD की छाया प्रति संलग्न करें।
(ग) रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

(3) सफल निविदाकार द्वारा प्रदाय पानी की गुणवत्ता की शिकायत होने प्राप्त होने पर जांच निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा करवाई जावेगी। इसका व्यय सफल निविदाकार के देयक से काटा जाएगा।

(4) पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का स्पेसिफिकेशन निम्नानुसार होना चाहिए:-
पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर आई.एस.आई. मार्क (भारतीय मानक ब्यूरों) के मानदण्ड ISI-14543 का अनुपालन करते हो।

(5) सफल निविदाकार द्वारा निम्नलिखित मापदण्डों के अनुरूप पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्रदाय किया जाएगा।

S.NO.	TEST NAME	LIMIT OF VARIATIONS
01	Turbidity,	Max. 2
02	Colour,	Max. 2
03	Odour,	Agreeable
04	Taste.	Agreeable
05	pH	6.5 to 7.5
06	Nitrate,	45 ppm Max.
07	Alkalinity	200 ppm Max
08	Magnesium	30 ppm Max.
09	Total Coliform Bacteria	Absent
10	T.D.S.	Less than 300 PPM

(6) बॉटल एवं जार भी भारतीय मानक ब्यरों के अनुरूप होना चाहिए।

(7) सफल निविदाकार को पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर अधिकृत डीलर/स्टाकिस्ट से क्रय कर विश्वविद्यालय को प्रदान करना होगा । वह किस ब्राण्ड का पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर प्रदाय कर रहा है। इस बाबत उसे एक प्रमाण–पत्र देना आवश्यक होगा।

(8) पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर गुणवत्ता युक्त प्रदाय न करने पर प्रस्तुत बिल से 10% कटौति की जाएगी। (दण्ड अधिरोरित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

(9) पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा भोपाल में विश्वविद्यालय द्वारा बताए गए स्थान के लिए होगी।

(10) दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

(11) विश्वविद्यालय की मांग अनुसार सफल निविदाकार को सामान्य तापक्रम अथवा ठण्डी बाटल/जार प्रदाय करना होगा। वित्तीय निविदा में इसकी दरें पृथक–पृथक प्रस्तुत करें।

(12) किसी भी सीमित निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

(13) निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

(14) निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

(15) निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्व–विवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु अनुशंसा करने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(16) सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबन्ध निष्पादित करना होगा।

(17) न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

(डॉ. बी. भारती)
कुलसचिव